सार-समाचार

छप्पनभोग की झांकी 7 दिसम्बर को

करौली, (निसं)। करणपुर वाली गुमानो माता के दरबार में 7 दिसंबर गुरूवार को विशाल दीपदान के साथ माता रानी की फूल-बंगला व छप्पनभोग की झांकी सजाई जाएगी। वहीं इसी दिन भगवती जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मां करणपुर गुमानो मां सेवा समिति रजिस्टर्ड के सदस्य आकाश भगत व हरि काका तमोली ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अनाज मंडी स्थित हरि काका के निवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति के सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में माता रानी के दरबार में 5 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। लेकिन मौसम कि खराबी के कारण यह कार्यक्रम अब 7 दिसंबर को किया जाएगा। इस दौरान गुमानो माता के मंदिर में विशाल दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 1100 दीपक के साथ दीपदान कर महा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर माता रानी के भवन को सुगंधित पुष्पों से सजाया जाएगा और माता रानी की फूल-बंगला के साथ छप्पनभोग कि झांकी सजाई जाएगी। वहीं भंडारे का आयोजन के साथ रात्रि को विशाल भगवती जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार माता की भेंट, लांगुरिया व भजनों कि प्रस्तुति देंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर 7 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे वजीरपुर गेट बाहर स्थित गौशाला के पास से करणपुर धाम के लिए बसे रवाना होगी।

पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

कुम्हेर, (निसं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा संचालित पशु विज्ञान केंद्र, कुम्हेर, भरतपुर द्वारा महगाया गाँव में दुधारू पशुओं के लिए संतुलित पशु आहार तैयार करने पर प्रदर्शन और पशु चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमे केंद्र के प्रभारी डॉ. सुभाष चन्द व डॉ. मुनेश कुमार पुष्प ने पशुपालको को दुधारू पशुओं में संतुलित आहार के फॉर्मूले के बारें में जानकारी से अवगत कराया। संतुलित आहार पशुओं के शरीर को बनाये रखने के लिए तथा उनके उचित बढ़ोतरी व दूध उत्पादन के लिए आवश्यक होता है। जिसमें सभी पोषक तत्व जैसे ऊर्जा, प्रोटीन, कार्बोहायड्रेट, खनिज, विटामिन आदि उचित मात्रा में उपलब्ध होते है। दुधारू पशुओं में दूध एवं वसा के आधार पर दाना (कंसन्ट्रेट), हरा चारा और सूखा चारा की संतुलित मात्रा कम लागत में बनाने की विधि के विषय में जानकारी दी। इसके साथ साथ महात्मा गाँधी सरकारी स्कूल, महगाया में पशु चिकित्सा से सम्बंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया मीटिंग में 17 पशुपालक लाभान्वित हुए।

होमगार्ड के जवानों ने की साफ-सफाई

करौली, (निसं)। करौली में मनाये जा रहे होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर जवानों ने सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। 6 दिसंबर को होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर सप्ताह समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके चलते सोमवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र करौली के कमांडेंट धर्म सिंह बांकावत के निर्देशानुसार आयोजन प्रभारी अमर सिंह प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र करौली एवं उपकेंद्र हिण्डौन सिटी के बीच मैच रखा गया यह मैच केंद्र करौली कि टीम विजेता रही। साथ ही होमगार्ड सदस्यों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई कर श्रमदान करते हुए स्वच्छ राजस्थान एवं स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने का आव्हान किया।

नकदी व चेन लूटी

भुसावर, (निसं)। गांव छोकरवाड़ा सड़क मार्ग पर अज्ञात बाइक सवारों द्वारा कस्बा भुसावर निवासी एक जने के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया है। कस्बा भुसावर की विद्यापीठ कॉलोनी निवासी सरकारी अध्यापक दीनबंधु मिश्र पुत्र राम भरोसी जाति ब्राह्मण ने जानकारी देते हुए बताया कि वह देर रात को छोकरवाड़ा से भुसावर बाइक द्वारा आ रहा था। जहां स्टेट मेगा हाईवे 45 छोंकरवाड़ा सड़क मार्ग पर नव निर्माणाधीन स्वागत गेट के पास एक बाइक आकर रुकी और बाइक पर सवार तीन अज्ञात लड़कों जिनकी उम्र 20 से 30 साल की थी उन्होंने रिवाल्वर कनपटी पर लगा दी तथा जेब से पर्स निकालकर 5000 रुपए की नगदी तथा सोने की चेन लूट ली जिसका वजन लगभग डेढ़ तोला था। वहीं बदमाश वापस वारदात के बाद छोंकरवाड़ा की तरफ भाग गए।

हादसे में युवक की मौत

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र में बरसो के समीप सडक दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जिस पर सेवर थाना पुलिस ने मृतक के षव को जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। प्राप्त जानकारी के नगला तुला निवासी मुकेष पुत्र लालाराम गुर्जर घसौला से अपने रिष्तेदारों से मिलकर अपने गांव जा रहा था। जहां सेवर थाना क्षेत्र में बरसो के पेट्रोप पम्प के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें मुकेष की मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर सेवर थाना पुलिस ने मृतक के षव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

गोगाजी का भव्य जागरण कल

भरतपुर, (निसं)। कुम्हेर गेट स्थित बाबा जाहरवीर गोगाजी मंदिर पर 6 दिसम्बर बुधवारको गोगाजी का भव्य जागरण एवं फूल बंगला आयोजित किया जाएगा। गोगा जी जागरण ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य सत्यप्रकाश शर्मा द्वारा बताया गया कि यह जागरण प्रत्येक मास नवमी तिथि को मंदिर प्रागंण में भक्तगणों के सहयोग से आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भजन गायक भोलू भगत एवं जागरण पार्टी द्वारा बाबा की प्राचीनतम कथाओं का संगीतमय गुणगान किया जाएगा।

'उद्यानिकी व पर्यावरण के क्षेत्र में लोगों की रूचि बढ़ी'

भरतपुर, (निसं)। हरित बृज सोसायटी की मासिक बैठक का आयोजन विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुये पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डा. अशोक पाराशर ने कहा कि भरतपुर शहर में उद्यान की एवं पर्यावरण के क्षेत्र में आम लोगो की रूचि बढी है। घर घर में बागवानी के शौकीन लोगो ने छतों एवं लोनो में विलक्षण किस्म के पेड पौधो को लगाया है।

कार्यक्रम में सोसायटी के संयोजक विकास मित्तल ने जानकारी देते हुये कहाकि सोसायटी द्वारा "बृज सोसायटी फ्लोवर शौ-24" का विशाल आयोजन 10-11 फरवरी 2024 को विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में आयोजित किया जायेगा। फ्लोर शो में सीजनल फ्लोवर प्लांटस की जानकारी शीलम सिंह एवं सत्येन्द्र यादव ने देते हुये कहा कि शो में पिटूनिया, डेन्थस, बरबीना, सिनेरिया, कारनेथन, प्राइमरोज, जिरेनियम, बिगोनिया एवं डहेलिया आदि के हजारों प्लांटो का प्रदर्शन किया जायेगा। इन प्लांटो में जनवरी फरवरी माह में फ्लोवरिग होती है। अविनीश शर्मा, राकेश अग्रवाल एवं विष्णु शर्मा ने बताया कि फ्लोवर शो में फ्लोवर्स प्लांटस के अलावा बोनसाई, अडेनियम, केक्टस, सेकूलेन्ट, इंडोरप्लांट, सब्जी, फल एवं औषधिय पौधो का भी प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक का संचालन लोकेश सिंघल ने किया बैठक में डा. संगीता चतुवेर्दी, डा. सुनीता पाण्डे, डा. कमलेश, डा. करूणा गौड, डा. कपिल, दलवीर रेंजर, राजेश दीक्षित, अरूण जैन, दिलीप गुप्ता आगंनवाडी, राहुल बघेल, ज्ञानेश, सुनीता कुशवाह, तुलसीराम शर्मा, कालीचरन मौर्य, लक्ष्मण सिंह, धीरेन्द्र चौधरी, संजू शर्मा, सीमा अग्रवाल, मीना शर्मा, डा. ब्रह्मदत्त शर्मा, पवन भारद्वाज, संदीप शर्मा, बृजेश सिंह, सुधीर सिंघल, राजेन्द्र गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, सतीश रेलवे, हिमांशु अग्रवाल आदि उपस्थित थे। यू ट्यूबर बृजेश गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

हरित बृज सोसायटी की मासिक बैठक का आयोजन विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में किया।

नवनिर्वाचित विधायक का किया सम्मान

हिंडौन सिटी, (निसं)। हिंडौन की नव निर्वाचित कांग्रेस विधायक अनीता जाटव का सूरौठ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य सम्मान किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव शुक्ला, हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, संगठन महामंत्री हरि सिंह मीणा सूबेदार, कांग्रेस के सूरौठ मंडल अध्यक्ष बत्तू मेंबर, यूथ कांग्रेस के लोकसभा महासचिव राहुल मीणा, युवा नेता रिंकू मीणा मंजर, कृष्णा सोनी, जय सिंह मीणा, युवराज मीणा आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जाटव के हिंडौन स्थित निवास पर पहुंचकर नवनिर्वाचित विधायक अनीता जाटव को फूल माला भेंट कर तथा शॉल ओढ़ा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक अनीता जाटव ने कहा कि हिंडौन विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराया जाएगा।

पुलिया का निर्माण कार्य अधूरा, वाहन चालक परेशान

करौली, (निसं)। मासलपुर खेड़ा सड़क मार्ग में खेड़ा समीप स्थित पुलिया का निर्माण कार्य अधूरा होने से यात्रियों तथा वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि 2 दिन पहले ठेकेदार द्वारा उक्त पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। जिसके चलते वाहन चालकों को समीप के कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। रास्ते में बारिश के चलते पानी भरने से फिसलन तथा वाहनों के फंसने कि मुश्किल बढ़ गई है। यही आलम देखा गया सोमवार प्रातः उक्त रास्ते में जहां कई वाहन राह में फंस गए व सड़क के दोनों और वाहनों कि लंबी कतार लग गई। कई वाहनों को बैरंग लौटना पड़ा। कई घंटे के इंतजार के बाद वाहनों को टोचन कर निकाला गया। तब कहीं रास्ता खुल पाया। देखा जाए तो यह मार्ग प्रमुख होने से इस मार्ग से रोजाना हजारों वाहनो तथा लोगों का आवागमन रहता है। ग्रामीणों तथा वाहन चालकों का कहना है कि पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ तोपरेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

खेड़ा समीप स्थित पुलिया का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा।

भरतपुर में 'कन्यादान महादान' कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर, (निसं)। मॉम्स क्लब द्वारा एक कदम मानवता की ओर प्रोजेक्ट के अंतर्गत कन्यादान महादान का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम लवली जैन की अध्यक्षता में किया गया। कन्यादान में मॉम्स क्लब की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने सहयोग किया कन्यादान करना सबसे बड़ा महादान है। एक जरूरतमंद व्यक्ति की बेटी की शादी करके बहुत बड़ा पुण्य कमाया जाता है। कन्यादान में एक गरीब लड़की जिसका का कन्यादान किया गया। उपहार स्वरूप मॉम्स क्लब की महिलाओं ने चांदी सोने के गहने पायल बिछुआ नाक का कांटा कान की बाली गैस तंदूर कुकर 25 साड़ियां 15 जोड़ी पेंट शर्ट सेट 15 बेडशीट 51 बर्तनों का सेट कुकर वअमद टंकी कैंपर 20 जोड़ी सूट 150 सौ गिफ्ट आइटम सब ने मिलकर दिए। लड़की के लिए दो जोड़ी लहंगे कार्डिगन पर्स चप्पल आदि सामान भी संस्था द्वारा दिया गया। संस्थापक रितु अनुराग गर्ग ने बताया है कि मॉम्स क्लब की महिलाएं समय-समय पर इस टाइप के कार्यक्रम करती रहती है। कार्यक्रम मे अंजलि जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मॉम्स क्लब द्वारा कन्यादान महादान का कार्यक्रम लवली जैन की अध्यक्षता में किया गया।

गोवर्धन पूजा का महत्व बताया

हिण्डौन सिटी, (निसं)। जगदीश धाम कैमरी के भैरोबाबा मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास पंडित रमाकांत शास्त्री कैमरी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग विस्तार से सुनाए। कथा में गोवर्धन पर्वत की कृत्रिम आकृति झांकी के माध्यम से दर्शाई गई। भगवान कृष्ण को 56 भोग लगाए गए। प्रवचनों में संतोष शास्त्री, सतीश शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की पुनः स्थापना के लिए द्वापर युग में अवतार लिया। उन्होंने बाल्य अवस्था में ही कालीय नाग का मर्दन करके यमुना जी को पवित्र किया, पूतना एवं बकासुर आदि मायावी शक्तियों का अंत किया। बृज भूमि में आतंक के पर्यायी कंस मामा का वध करके अपने माता-पिता देवकी-वसुदेव और नाना महाराज उठासेन को कारागार से मुक्त कराया। इंजी. भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि शास्त्री जी ने कथा में गोवर्धन पूजा में प्रकृति की पूजा का उल्लेख किया गया। गायकों द्वारा सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भागवत सप्ताह में ज्ञान सिंह सूबेदार, गोठिया महाराज सिंह, हंसराज सरपंच, लखन सिंह, रतन कैप्टेन, इंजी. भूपेन्द्र खटाना अधैत,केदार खटाना सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने कथा श्रवण किया।

कलश यात्रा का स्वागत

भरतपुर, (निसं)। एकल श्री हरि बनवासी विकास ट्रस्ट भरतपुर इकाई की ओर से जोधपुर से चलकर संत संदीपनी महाराज पवित्र घी पांच रथों में 108 कलश द्वारा चलकर हमारे भरतपुर शहर में पधारे, समस्त हिंदू समाज के लिए अत्यंत सुखद तथा गौरव का विषय है कि पांच सौ वर्षों के सतत संघर्ष तथा लाखों, करोड़ों रामभक्तों के बलिदान के पश्चात् प्रभु श्री रामचंद्र जी अपने घर श्री अयोध्या जी में आ रहें हैं। हम सभी परम् सौभाग्यशाली हैं कि अपने जीवन में इस कार्य को पूर्ण होता देख रहें हैं। श्री राम लला विराजमान, अयोध्या जी के लिए पिछले 20 वर्षों से भारतीय गौ माता का घी जोधपुर के संत संदीपनी महाराज एकत्रित कर रहे थे। हम सभी भरतपुरवासियों का सौभाग्य है कि इन पवित्र रथों के दर्शन का पुण्य लाभ यात्रा में हमे प्राप्त हुआ जिनका कि सभी को स्वागत, पुष्प वर्षा एवं आरती कर राम नाम के जयकारों के साथ स्वागत किया एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने गणेश जी को माल्यार्पण कर दीप जलाकर आरती की सभी ने मिलकर पांचों रथों का पूजन किया। इस अवसर पर शंकरलाल गुप्ता, मनोज तिवारी, नरेश खण्डेलवाल सिद्धार्थ फौजदार, प्रहलाद बंसल, सर्वेश शर्मा, हुक्म सिंह,परसुराम शर्मा, सुनील मित्तल, ऋषि गर्ग, भारत भूषण अग्रवाल, होमचन्द कंसलपूरन मित्तल, देवेन्द्र बंसल, सक्षम गर्ग, महिला अध्यक्ष शोभा कंसल, सरोज गर्ग, ऋतु गर्ग, विनीता गुप्ता, वेदवती आर्य सुषमा गोयल आदि लोग उपस्थित हुए।

खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : ओम प्रकाश शर्मा

हिंडौन सिटी, (निसं)। कोटा यूनिवर्सिटी कोटा की ओर से यहां भगवान महावीर टीटी कॉलेज में इंटर कॉलेज महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता का सोमवार को दो दिवसीय प्रतियोगिता का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच शुभारंभ हुआ।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ सुरेंद्र जोशी व आयोजन सचिव फिजिकल टीचर प्रियकांत बैनीवाल ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ कॉलेज के डायरेक्टर ज्वाला सिंह थे तथा अध्यक्षता करौली क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड व्याख्याता शारीरिक शिक्षा ओमप्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम में करौली क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष राजेश सारस्वत, प्रधानाचार्य खीप का पुरा दयाल सिंह सोलंकी, व्याख्याता शारीरिक शिक्षा मुरारी लाल शाक्यबाल, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा, राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, प्रारंभिक शिक्षा के जिला अध्यक्ष राजेश सहारीया, क्रीडा भारती के अध्यक्ष हरीश पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल की भावना क्या होती है। इसकी परिभाषा देते हुए बताया आप देखिए क्रिकेट में सुनील गावस्कर सचिन तेंदुलकर आदि से हमें खेल भावना की शिक्षा लेनी चाहिए विश्व स्तर के महानतम बल्लेबाज होते हुए भी किसी भी प्रकार का कोई घमंड नहीं है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्वाला सिंह ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि दयाल सिंह सोलंकी ने कहा आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त होने लगे हैं। प्रतियोगिता में कोटा, बूंदी, झालावाड़, नैनवा करौली जिलें की 13 महाविद्यालय की टीमों के 138 कबड्डी छात्रा खिलाड़ी भाग ले रही हैं। इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्रपट के आगे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की साथ ही उद्घाटन की घोषणा की। मंच संचालन फिजिकल टीचर प्रियकांत बेनीवाल ने किया कार्यक्रम में ममता शर्मा व ललीतेसा उपाध्याय के निर्देशन में स्थानीय कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई । स्थानीय महाविद्यालय के डॉक्टर सुरेंद्र जोशी, मधुसूदन शर्मा, विभव जैन, सौरभ चतुर्वेदी, डॉ सतीश शर्मा, डॉ राकेश जैन, हेमराज मीणा सिकरौदा, मनीष शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने माल्यार्पण एवं साफा बंधन व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए पंकज समाधीया वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा, शारीरिक शिक्षक युधिष्ठिर भाकर, गोपाल रोत्रवाल, तेज सिंह रोत्रवाल, सुनील यादव, अरुण सिंह नवीन भारद्वाज हब्बू सिंह जागिड़ आदि को निर्णायक के रूप में लगाया गया है। जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी का स्वागत किया।

महिला वर्ग की अन्तर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जोर आजमाइश की।

सार-समाचार

विभिन्न मामलो में 11 जने गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला पुलिस ने विभिन्न मामलों में 11 जनों को गिरफ्तार किया। कोतवाली थानाधिकारी शिवलहरी के निर्देशन में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कपूरचन्द पुत्र किशनलाल कोली निवासी डीएस स्कूल के पास नसिया कॉलोनी, मुकेश पुत्र रामस्वरुप कोली निवासी सुभाष कॉलोनी, राकेश पुत्र अमर सिंह कोली निवासी सुभाष कॉलोनी को धारा 13 आरपीजीओ में गिरफ्तार किया। इसी प्रकार वजीरपुर थानाधिकारी श्रवणकुमार पाठक के निर्देशन में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टोल नाका सेवा व श्यारौली के बीच नाकाबंदी के दौरान टेम्पो आरजे-25-जीए-6749 को चैक किया। जिसमें 220 पेटी देसी शराब के कार्टून पकडे। चालक टीकमसिंह उर्फ कुम्हेर पुत्र सरदार जाट निवासी माली मोहल्ला वजीरपुर को गिरफ्तार किया। साथ ही मय वाहन शराब को जब्त किया। जुआ खेलने वालों के पर कार्रवाई करते हुए मुकेश पुत्र परसादी बैरवा, दिलखुश पुत्र रमेश गाडयिा लुहार, लवकुश पुत्र रनेश गाडयिा लुहार, विजेन्द्र कुमार पुत्र सुखजी गाडयिा लुहार निवासीगण वजीरपुर को धारा 13 आरपीजीओ में गिरफ्तार किया। इसी प्रकार थाना वजीरपुर गढमोरा ने शांति भंग के आरोप में 3 जनों को गिरफ्तार किया। जिसमें लखनसिंह पुत्र विशनलाल जाटव निवासी वजीरपुर को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार थाना गढमोरा थानाधिकारी विरेन्द्रसिंह ने बताया कि बनवारी पुत्र सियाराम गुर्जर निवासी हंसा का डंडा चिरावण्डा, आजाद पुत्र रामकिशोर गुर्जर निवासी मोरा थाना गढमोरा को धारा 151 में गिरफ्तार किया गया है।

भागवत कथा 13 दिसम्बर से

हलैना, (निसं)। अग्रवाल समाज एवं सर्व सनातन धर्म के द्वारा डॉ. गुणप्रकाश चेतन्य महाराज एवं समर्थ त्रंबकेश्वर महाराज के सानिध्यं में गांधीधाम स्थित ओसलो अम्बाजी मन्दिर पर छह वर्ष बाद 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक 100 कुंडलीय श्रीशक्ति पंचयातन महायज्ञ, श्रीमद भागवत कथा, काशी दिव्य आरती, महारास लीला आदि धार्मिक कार्यक्रम होगें। जिसकी तैयारियां जारी है और यज्ञशाला का विशाल पांडाल बन कर तैयार हो गया। ये कार्यक्रम अकारण करुणा वरुणापालय सिद्धेश्वर महादेव की अहैंतुकी कृप्या फलसवरूप जनमानस के लोक कल्याणर्थ समस्या, व्यापार उन्नति,विश्व शांति धर्म संकट निवारण एतिहासिक विलक्षण सनातन धर्म के विराट सवरूप का दर्शन अपनी धर्म नगरी गांधीधाम मे 13 दिसंबर से 19 दिसंबर ओसलो अम्बाजी मंदिर सेक्टर 4 मे होने जा रहा है। किरण ग्रुप गांधीधाम के चेयरमेन व उद्योगपति रमेशचन्द गुप्ता भाई,यज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारी संजय गर्ग व नन्दुभाई गोयल ने बताया कि श्री अग्रवाल सेवा समिति एवं सर्व सनातन समाज के द्वारा गांधीधाम के ओसलों अम्बे मां मन्दिर (मां जगदम्बा के आंगन) में 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक 100 कुंडलीय श्रीशक्ति पंचयातन महायज्ञ,श्रीमद भागवत कथा,काशी दिव्य आरती,महा रासलीला आदि धार्मिक कार्यक्रम होगे। इस यज्ञ में पंच देवों का पूजन सभी यजमानों के द्वारा होगा व 108 भागवत पोथी पाठ पितृ शांति के लिए रखा गया है। यजमान बनने के लिए 11 हजार रूपए कि सेवा रखी है एवम भागवत पोथी वास्ते 11 हजार रूपए की सेवा रखी गई है। उन्होने बताया कि 12 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा व प्रायश्चित पूजन,13 दिसम्बर से प्रतिदिन देव-पूजन,भागवत कथा,रासलीला व सायं महायज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम की सफलता केलिए समिति एवं सर्व समाज के लोग जुटे हुए है और घर-घर पीले चावल व निमन्त्रण कार्ड वितरण किए जा रहे है।

समीक्षात्मक बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी की समीक्षात्मक बैठक जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गयी। जिसमें प्रत्येक विधानसभा का बिन्दूवार मंथन किया गया उक्त बैठक में जिले में बूथ व विधानसभा स्तर पर प्राप्त किये गये वोटो के बारे में चर्चा की गयी। समीक्षात्मक बैठक में प्रदेष मंत्री श्री गिरधारी तिवारी जी ने कहा कि भरतपुर जिले के परिणाम अति उत्साहित है। तथा जनता का मन भाजपा के प्रति पूर्व रुपेण जुड़ गया है। इसी प्रकार प्रदेष मंत्री भानूप्रताप राजावत ने कहा कि जनता भाजपा के संग जुड़ चुकी है और अब लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत निष्चित है। उक्त समीक्षात्मक बैठक में जिला प्रभारी श्री गोवर्धन सिंह जादौन ने कहा कि भरतपुर जिले में कार्यकर्ताओं की जो मेहनत रहीं व अविष्वर्णीय निष्चित ही लोकसभा चुनाव में भाजपा भरतपुर से जीतेगी जिला महामंत्री श्री मोहन रारह ने सदन में प्रत्येक विधानसभा के बूथ पर आये मतों का विवरण पेष किया भरतपुर विधानसभा में हार के कारणों के बारे में चर्चा की गयी तथा गुप्त रिपोर्ट प्रदेष कार्यालय को भेजने का निर्णय हुआ और उक्त बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, जिला प्रवक्ता अषोक सिंघल, अनिल गोयल, आषीश खण्डेलवाल, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से एक की मौत

भरतपुर, (निसं)। सेवर थाना क्षेत्र में बांसी के समीप ट्रक की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं घायल को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद निवासी धर्मवीर अपने साथी बारोल गांव निवासी रामनरेष के साथ किसी काम से जयपुर जा रहे थे। जहां रास्ते में बांसी के पास किसी ट्रक की टक्कर में रामनरेश की मौत हो गई। वहीं उसका साथ धर्मवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर हाइवे पुलिस टीम ने रामनरेष व धर्मवीर को जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने रामनरेष को मृत घोशित कर दिया। वहीं धर्मवीर को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। निशक्तजन जागरण मंच के तत्वाधान में विश्व विकलांग दिवस व मंच का स्थापना दिवस पंचायत समिति परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विकलांग विधवा महिलाओ को गर्म शॉल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी दिव्यांग जनो को अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमजद खान, तहसील अध्यक्ष जगदीश बैरवा, सचिव शैलेंद्र, राहत खान, शहवाज खान, सुक्को, गिर्राज, गीता, मैनुद्दीन श्याम सुन्दर, ललिता, गुलाब देवी, कांजी, रफीक, संतो, लक्ष्मी नारायण, आदि लोग मौजूद थे।

!! कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली (राज.) !!

क्रमांकः-व-15( ) सामा./करौली/2023-24/15434-70 दिनांकः 04.12.2023

खुली निविदा सूचना

रिजर्व पुलिस लाईन, करौली में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ रहने व तनाव मुक्त जीवन जीने हेतु ऑपन जिम स्थापित करने के लिये दरें अनुमोदित किये जाने हेतु खुली निविदाऐं आमंत्रित की गई है। निविदाऐं दिनांक 14.12.2023 को 2.00 पी.एम. तक स्वीकार की जा कर उसी दिनांक 14.12.2023 को 3.00 बजे समस्त निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र. सं.	नाम आईटम	अनुमानित राशि	अमानत राशि	निविदा फार्म शुल्क	निविदा खोलने की तिथि
1	ओपन जिम स्थापित करने के लिये उपकरणों को क्रय करने हेतु।	4,57,911/- रूपये	9,160/- रूपये	200/- रूपये	14.12.2023

शर्तें:-

1. निविदा फार्म व शर्तें दिनांक 4.12.2023 तक कार्यालय समय में 10.00 पी.एम. तक 200/- रूपये का डी.डी./नकद/पोस्टल आर्डर जमा करवाकर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।
2. सभी दरं समस्त प्रकार के करो सहित होनी चाहिए।
3. सशर्त निविदाऐ स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. ओपन जिम स्थापित करने के लिये उपकरणों की आपूर्ति पुलिस लाईन करौली में करनी होगी।
5. निविदा दाता फर्म रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।
6. मांग के अनुसार नियत समय पर ओपन जिम स्थापित करने के लिये उपकरणें की पूर्ति की जावेगी।
7. ओपन जिम स्थापित करने के लिये उपकरणों की गुणवत्ता की रिपोर्ट के आधार पर राशि का भुगतान किया जावेगा।
8. उपकरणों की गारण्टी/वारन्टी की अवधि अंकित करना अनिवार्य है।
9. उपकरणों का स्पेशिफिकेशन सलंग्न है।

(ममतागुप्ता)
जिला पुलिस अधीक्षक
करौली।